# 430 मेगावाट के सात सौर ऊर्जा संयंत्रों में बिजली का उत्पादन शुरू

- 3,710 मेगावाट के नौ सौर ऊर्जा पार्क हो रहे विकसित
- पार्कों के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया हो चुकी है पूरी

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: प्रदेश में सौर ऊर्जा के लिए स्थापित किए जा रहे नौ पार्कों में स्थापित 430 मेगावाट के सात संयंत्रों में बिजली का उत्पादन शुरू हो चुका है। इनमें जालौन के चार, कानपुर देहात, मीरजापुर, प्रयागराज में स्थापित एक-एक संयंत्र शामिल हैं। शेष में भी जल्द ही बिजली उत्पादन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।



उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के निदेशक अनुपम कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में 3,710 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा के नौ पार्कों को स्थापित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा के यह पार्क झांसी, ललितपुर, चित्रकूट, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, मीरजापुर और प्रयागराज में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि झांसी व ललितपुर में 600 मेगावाट, चित्रकूट में 800 मेगावाट, जालौन में 1,200 मेगावाट, कानपुर देहात में 75 मेगावाट और कानपुर नगर में 35 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा पार्क निर्माणाधीन है। सभी सौर ऊर्जा पार्कों की स्थापना के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त घरों की छतों पर रूफटाप सौर संयंत्र, सौर ऊर्जा नगरों की स्थापना, कृषि फार्म को सौर ऊर्जा से बिजली देना, पंप स्टोरेज एवं जैव ऊर्जा के उत्पादन पर भी प्रदेश सरकार तेजी के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को 300 यूनिट निशुल्क बिजली मिलेगी। प्रदेश में सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। इसमें छह हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन निजी व सरकारी भवनों में सोलर रूफटाप संयंत्रों की स्थापना करके की जाएगी। 14 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन सौर ऊर्जा के स्थापित पार्कों से किया जाएगा।